हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 20 नवंबर 2025

[ अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

प्रदेश सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कर रही काम : देवांगन

2



## खबर संक्षेप

### महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई 26 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से जांजगीर-चांपा जिले से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई करेंगी।

### चंदेल आज भाजपा के तीन मंडलों की बैठक में होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल गुरूवार 20 नवंबर को जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र भाजपा के तीन मंडलो की बैठक में शामिल होंगे। गुरूवार को सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में जांजगीर-नैला नगर मंडल की बैठक में शामिल होंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। वे दोपहर 1 बजे नवागढ़ में भाजपा नवागढ़ मंडल के मंडल स्तरीय बैठक में भाग लेंगे एवं कार्यकर्ताओं से संवाद व चर्चा करेंगे। तद्उपरांत शाम 4 बजे चाम्पा नगर में नगर मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की मंडल स्तरीय बैठक को संबोधित करेंगे। इन सभी बैठकों में आगामी कार्ययोजना एवं कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा व संवाद करेंगे। उक्त सभी बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारी, बी.एल.ए. 1, बी.एल.ए. 2, बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी सहित निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### हरेठीखुर्द में सात लोगों को कुत्ते ने काटा

**बिर्रा ।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम हरेठीखुर्द (मल्दा) में एक ही दिन सात लोगों को कुत्ते ने काट दिया है। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में किया गया। कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। इस तरह से पूरे गांव में कुत्ते की दहशत बनी हुई है और लोगों में भय व्याप्त है। अचानक कुत्ते के काटने से ग्राम हरेठीखुर्द में सन्नाटा का माहौल देखा जा रहा है। मरीजो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में किया गया। ग्राम वासियों ने आवारा कुत्तों को उचित व्यवस्था करवाने और पीड़ितों को शासन से इलाज की खर्च राशि दिलवाने की मांग किए हैं।

### कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र में धान खरीदी व्यवस्था का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ विपणन वर्ष के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे खरौद उपार्जन केंद्र पहुंचे और वहाँ की संपूर्ण धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में धान बेचने आए किसान का श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने किसान से खरीदी प्रक्रिया, व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महुआ शराब बनाने से तौबा कर अपनाया स्वरोजगार, सबरिया समुदाय का 'विजयश्री' प्रोडक्ट लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

### स्वच्छता समेत 320 विभिन्न प्रकार के बनाएंगे उत्पाद



ऑपरेशन उपहार के तहत जिले में नशा मुक्ति अभियान ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुकाम छू लिया। वर्षों से महुआ की कच्ची शराब बनाकर आजीविका चलाने वाले सबरिया व आदिवासी गोड़ समाज के लोगों ने अब पूरी तरह शराब को त्यागकर स्वरोजगार का रास्ता चुन लिया है। पामगढ़ के सद्भावना भवन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने अपने नए ब्रांड "विजयश्री फाउंडेशन" के उत्पादों की लॉन्चिंग की।

कार्यक्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे तथा पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से विजयश्री नाम से तैयार उत्पादों ग्लास क्लीनर, कार सैनिटाइज़र, टॉयलेट क्लीनर आदि का शुभारंभ किया। "विजयश्री" शब्द नशे जैसी बुराई पर जीत और नए भविष्य में सुख-समृद्धि के आगमन का प्रतीक बताया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने सबरिया समाज के लोगों को स्व रोजगार से जोडने विशेष पहल की थी। वे लगातार उनके बीच जाकर उन्हें नशे के कारोबार को छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जोडने के लिए प्रेरित करते रहे। इसका सुखद परिणाम उनके द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट की लॉचिंग कार्यक्रम में नजर आया। नशा मुक्ति समारोह में कटौद, बनारी, मुलमुला, कुटीघाट, सेमरिया, कमरीद, देवरी, कोसा, बनाहिल, कोटमीसोनार सहित लगभग 10 गांवों के करीब 300 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, उद्यान, रेशम, बैंकिंग और बिहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। स्टेट बैंक द्वारा समाज के हर व्यक्ति का खाता खोला जा रहा है ताकि उनकी बिक्री का पैसा सीधे उनके खातों में जमा हो सके और उनका स्वयं का व्यवसायिक रिकॉर्ड तैयार हो।

**रात भर लगी ट्रेनिंग, सुबह तैयार हुए उत्पाद**-18 नवंबर की शाम से ही सभी ग्रामीण पामगढ़ पहुँच गए थे। समाज के ही युवा उद्यमी श्रवण गोड़ ने देर रात तक उन्हें प्रशिक्षण दिया और सभी ने मिलकर विभिन्न घरेलू उत्पाद तैयार किए। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों में इन उत्पादों की खुलकर खरीदारी हुई। जांजगीर-चांपा से आए कई व्यापारियों ने मौके पर ही माल खरीदकर समाज का उत्साह बढ़ाया।

**समाज की बेटी हीना गोड़ की प्रेरक प्रस्तुति**-समारोह का सबसे भावुक और प्रेरक क्षण रहा हीना गोड़ की प्रस्तुति। अपने पिता श्रवण गोड़ के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रही हीना ने धाराप्रवाह अंग्रेजी में बताया कि शराब बनाने वाले परिवार से होने के कारण उसे स्कूल व समाज में किस तरह अपमान झेलना पड़ा। उसने बताया कि किस प्रकार शिक्षा और सही दिशा देकर समाज इन बुराइयों से बाहर निकल सकता है। उसकी प्रस्तुति ने कलेक्टर, एसपी और सभी अधिकारियों को गहराई से प्रभावित किया। हीना वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही है और समाज के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।

### सीमावर्ती जिले से 11 हाथियों के पहुंचने पर वन विभाग कर रहा निगरानी

# रैनखोल क्षेत्र में पहुंचा गजदल, आधा दर्जन गांवों में दशहत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के वनपरिक्षेत्र रैनखोल सहित आधा दर्जन से अधिक गांवो में हाथियो की धमक से दहशत का माहौल है। यहां पिछले चार दिनों से 11 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हालांकि सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला अलर्ट हो गया है और चौबीसों घंटे हाथियो के मूवमेंट पर कडी नजर रखी जा रही है।



रैनखोल वन परिक्षेत्र में तैनात वन विभाग की टीम।

सक्ती जिले के वनांचल ग्राम रैनखोल सहित बासीनपाठ, सहिलाभाठा, भुईगांव, गुंजी बरपाली में इन दिनों हाथियों के झुंड पहुंचने को लेकर दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि सीमावर्ती कोरबा जिले से 11 हाथियों का झुंड पिछले चार दिनों से रैनखोल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंड पहुंचने से धान की फसलों को सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण भी भयभीत है। वर्तमान में धान कटाई का काम शुरू हो गया है, लेकिन क्षेत्र में हाथियों का झुंड के पहुंचने से ग्रामीण खेत जाने से भी डरने लगे है। इधर वनांचल क्षेत्रो में हाथियो के बढते धमक को देखते हुए वन विभाग की टीम के द्वारा किसी भी हालत से निपटने के लिए अफसर एवं कर्मचारियो की अगुवाई में टीम का गठन भी किया गया है, जो हाथियो की हर गतिविधियो पर नजर रखे हुए है। वन परिक्षेत्रो में हाथियो के आने के कारण जहां लोगो का घरो से निकलना मुशकिल हो गया है। वही सबसे अधिक प्रभाव धान की फसलो पर पड रहा है। धान की कटाई वनांचल के गांवो में प्रारंभ हो चुकी है। वही किसान सुबह से धान कटाई को लेकर खेतो की ओर चले जाते है, लेकिन आधा दर्जन से अधिक गांवो में हाथियो के दखल के कारण इस क्षेत्र के लोग धान कटाई कार्य के लिए नही निकल पा रहे है। किसानो को धान की फसल खराब होने के साथ साथ हाथियो का डर सता रहा है। जिसके कारण कृषको की परेशानी और भी बढ गई है। रैनखोल वन क्षेत्र में पिछले तीन चार दिनो से इस तरह की समस्या किसानो सहित आम लोगो को हो रही है। वन विभाग की टीम के द्वारा इस पर कडी नजर भी रखी जा रही है। वही ग्रामिणो को गांव में मुनादी करवाकर घर से बाहर निकलने के दौरान सतकर्ता बरतने कहा जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में हाथियो के बढते दखल को देखते हुए वन विभाग की टीम के द्वारा विद्युत विभाग से संपर्क करके क्षेत्र मे बिजली की सप्लाई अस्थाई रूप से बंद रखने भी कहा गया है। ताकि हाथियो को करंट की चपेट से बचाया जा सके। साथ ही साथ बिजली की रौशनी में हाथी और भी उत्पात मचाते है। इसे देखते हुए भी क्षेत्र के गांवो में बिजली सप्लाई अभी बंद रखने के लिए भी कहा गया है। इधर क्षेत्र में हाथियो की धमक के चलते स्कूलो में पढाई लिखाई ब्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के कई स्कूली बच्चे स्कूल भी नही जा पा रहे है। इस तरह की समस्या विगत चार दिनो से बनी हुई है।

### वन्यजीव आने के बढ़ रहे मामले

जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले मे वन्य प्राणियो के आने का मामला लगातार सामने आ रहा है। करीब दो साल पहले जहां रायगढ जिले के धरमजयगढ क्षेत्र से हाथियो का दल खरसिया सक्ती के रास्ते सक्ती जिले के ग्राम आमगांव, कारीभांवर सहित जांजगीर चाम्पा जिले के अमोरा, पकरिया, अकलतरा क्षेत्र मे दो साल पहले हाथियो के दल ने भारी नुकसान पहुंचाया था। इस घटना में दो लोगो की मौत हुई थी। इसी प्रकार करीब तीन साल पहले नवागढ क्षेत्र में जंगलक्षेत्र से भटकर बारहसिंघा प्रवेश कर गया था। वही वन विभाग की टीम के द्वारा उसे रेसक्यू करके बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी पार्क में छोडा गया था। इसी प्रकार बलौदा क्षेत्र के मडवा पावर प्लांट में भी करीब 20 दिनो पूर्व तेंदुआ होने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम के द्वारा रेसक्यू अभियान भी चलाया गया।

### की जा रही मानिटरिंग

रैनखोल वनपरिक्षेत्र मे हाथियो के दल होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम लगातार मानिटरिंग कर रही है। साथ ही लोगो को सतर्क रहने कहा गया है।

-जितेन्द्र कंवर,
रेंजर वनपरिक्षेत्र, सक्ती जिला सक्ती

# एक ही रात तीन दुकानों में चोरों ने बोला धावा, सामान समेत नकदी पार

### बिर्रा बस स्टैण्ड चौक की वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत बिर्रा के बस स्टैण्ड में एक ही रात तीन दुकानों में चोरों ने धावा बोलकर नगदी सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।





वह दुकान जहां हुई चोरी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना के ग्राम पंचायत बिर्रा में एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गया है। 18 नवंबर मंगलवार की रात्रि लगभग 1 बजे चोर ने तीन जगह में लगभग 40 हजार रुपए और सामान चोरी कर लिया है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बस स्टैंड चौक की है। जिसकी सूचना पाकर पुलिस थाना बिर्रा के थाना प्रभारी एवं निरीक्षक अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस चोर को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाल रही है। बस स्टैण्ड चौंक बिर्रा में रोज की तरह श्री राधे कलेक्शन की दूकान विगत कई वर्षों से संचालित हो रहा है तथा हर रोज की तरह रात को करीब आठ बजे दूकान को बढ़ाकर अपने घर भाटापारा बिर्रा चला गया। दुकानदार रोशन देवांगन भोजन खाने के बाद अपने कमरा में सो गया। इनके दूकान के पीछे छत पर टीन को काटकर चोर ने अंदर में दाखिल दिया और सबसे पहले आराम से स्वेटर को बदलकर साथ में चोर ने स्वेटर भी पार किया और चोर ने अपने पुराने शर्ट पेट को बदलकर नया कपड़ा पहनकर चला गया तथा काउंटर में चार हजार भी नगद को पार कर दिया है। इसी तरह से इसके बगल में पांडेय डेलीनीड्स एवं कोल्डिक सेंटर कई वर्षो से संचालित हो रहा है तथा दुकानदार ने अपने दराज में 30 हजार राशि अपने साहूकार को देने के लिए रखा था। ठंड के कारण साहूकार को रात आठ बजे के बाद भी साहूकार के नहीं आने पर अपने दराज में राजू पांडेय पिता ब्रम्हा पांडेय ने दराज में नगद राशि को रखकर अपने दूकान को बंद करके अपने घर चला गया और वहां अपने पिता ब्रम्हा पांडेय को साहूकार नहीं आने पर दराज में तीस हजार रुपए रखकर दूकान को बंद करके आने की बात कही और खाना खाने के बाद अपने रूम में सोने के लिए चला गया । वहीं इनके दूकान के पीछे हिस्सा के छत पर टीन को काटकर दूकान में चोर प्रवेश किया और दराज में रखी रकम को पार कर दिया। इसी तरह इसके बगल में छाया डेलीनीड्स दूकान के संचालक यशवंत साहू भी हर रोज की तरह अपने दूकान को बंद करके अपने घर ग्राम देवरहा चला गया और सुबह आठ बजे जब दूकान को खोलने के लिए आया तो दूकान का शटर खोलने के बाद अपने दूकान की दराज में रखा पांच हजार रुपए भी गायब था। तीन जगह पर सिलसिलेवार ढंग से चोर चोरी करने में सफल रहे। पुलिस की रात्रि गश्त की टीम लगभग डेढ़ से 2 बजे रात्रि में बस स्टैंड चौक बिर्रा में लगभग आधे घंटे तक बस स्टैंड चौक के पास पुलिस गाड़ी बोलेरो में खड़ी होकर सायरन बजा रहे थे। जिसके आवाज से सतर्क होकर चोर कृष्णा होटल के आंगन में सो गया। अंत में चोर को चांपा की तरफ एक बड़ी गाड़ी ट्रक के द्वारा लिफ्ट देकर चढ़ा लिया गया है। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बिर्रा में एक ही रात तीन दुकानों में चोरी होने से व्यापारी दशहत में है।

## पुलिस अभिरक्षा से फरार वारंटी दोबारा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा पुलिस ने पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए वारंटी को दोबारा गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार वारंटी महावीर कंवर पिता बलराम कंवर, उम्र 40 वर्ष, निवासी कटनाई थाना अकलतरा के विरुद्ध अनाचार का मामला दर्ज है, जिसकी सुनवाई न्यायालय अकलतरा में चल रही है। बीते शनिवार की रात पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर फरार वारंटियों की धरपकड़ की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान महावीर कंवर को पकड़ा गया था, लेकिन उसने पुलिस को चकमा देकर अभिरक्षा से फरार हो गया। फरारी के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में वारंटी की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों को रवाना किया गया। तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि महावीर कंवर अपने गांव कटनाई के खेतों की ओर छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में घेराबंदी की गई और आखिरकार वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## अस्पताल के अंदर घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़





अस्पताल अंदर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना का है।

इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिक राठौर के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 नवंबर की दोपहर 2:30 बजे अस्पताल में बैठकर टीवी की मरीज का सैंपल को जिला अस्पताल जांजगीर ले जाने के लिए पैकिंग कर रहा था तभी ग्राम महंत निवासी ज्वाला सिंह आरोग्य अस्पताल महंत के अंदर घुसकर रिपोर्ट करने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। बीच बचाव करने अस्पताल के अन्य स्टाफ आए तो उनको भी जान से मारने की धमकी दे रहा था और प्रार्थी के मोबाइल को हाथ से छीन कर जमीन पर पटक दिया है जिससे मोबाइल टूट गया है और मारपीट करने से चोट लगा है। सूचना पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश शेन्डे के नेतृत्व तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी ज्वाला सिंह को जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का भी नहीं हो पा रहा उपयोग

# लाखों की लागत से बना नैला बस स्टैण्ड वीरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर के अंदर लाखों की लागत से बनी नैला बस स्टैण्ड विरान पड़ा हुआ है। साथ ही साथ व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। देखा जाए तो यहां शाम के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

ज्ञात हो कि जांजगीर नैला नगर पालिका परिषद क्षेत्र की नैला मुख्य मार्ग में कुछ अर्से पूर्व बस स्टैण्ड का निर्माण किया गया था, जिसमें व्यवसायिक कांप्लेक्स भी बनाया गया था। परिसर आज जर्जर की स्थिति में है। बस स्टैण्ड निर्माण के शुभारंभ करने के साथ परिसर में बने दुकानों को आबंटित भी कर दिया गया, किंतु कुछ समय तक सिटी बसों की परिचालन करने के बाद स्टैंड को बंद कर दिया है और वहां न तो मार्ग में आवागमन करने के लिए यात्री गाडियां पहुंच रही है और न ही आबंटित दुकानें खुल रही है। दूसरी तरफ स्टैण्ड की पिछले तरफ की दीवाल भी असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया है और वहां व्यवसायिक उपयोग न होकर शाम के समय नशा करने वाले एवं जुआडियों का अड्डा बन गया है। परिसर में रखी सीटी बस कबाड़ में तब्दील-शहर में सीटी बस की परिचालन के बाद बंद होने पर बस को स्टैंड में ही खड़ा कर दिया गया , जो अब कबाड़ में तब्दील हो गया है, वहीं कबाड़ी चोर धीरे धीरे बस की सामानों को काट काट ले जा रहे हैं । बहरहाल नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा पर पानी फिर रहा है तो दूसरी तरफ शासन प्रशासन इस पर आंख मूंदकर बैठे हुए हैं। इसे लेकर जिम्मेदार अफसर एवं कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है। जिसका नुकसान शहरवासियों सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अब देखना यह है कि कब तक इस पर नजर पडेगी।



विरान पड़ा नैला बस स्टैण्ड।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### रविन्द्र पराशर चुने गए स्टेट बार काउंसिल के मेंबर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र कुमार पराशर स्टेट बार काउंसिल के मेंबर निर्वाचित हो चुके हैं। जैसे ही उनके समर्थकों को यह सूचना मिली और उनके समर्थक व अधिवक्ता बड़ी संख्या में फूल माला लेकर पहुंचे और उनका स्वागत किया। छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद वर्तमान चुनाव में निर्धारित कोटा 523.20 का रहा है, जिसमें वर्तमान तक कुल पांच प्रत्याशियों ने कोटा पूरा किया है, जिसमें जिले से प्रत्याशी रविंद्र कुमार पाराशर के द्वारा निर्धारित कोटा पूर्ण कर निर्वाचित हो गए हैं और निर्धारित कोटा के अलावा 44 सरप्लस वोट इस राउंड में उन्हें मिला था। जिससे कि वर्तमान में निर्वाचित 5 सदस्यों में पूरे प्रदेश में दूसरे पायदान पर सर्वाधिक वोटों की संख्या प्राप्त करने वाले प्रत्याशी हो गए हैं।

### एकलव्य आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते 14 पदक



**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए आयोजित चौथी ईएमआरएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 14 पदक जीतकर जिले एवं पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला का मान बढ़ाया है। विद्यालय की छात्रा अस्मिता ने तैराकी में 3 स्वर्ण पदक, रिया ने 2 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक और आरुशी ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छात्र नरेश, नमन, घाशी और साहिल ने 1-1 रजत पदक प्राप्त किया. कक्षा 10वीं के छात्र नारद ने शतरंज में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए रजत पदक प्राप्त किया साथ ही कक्षा 8वीं की छात्रा प्रज्ञा ज्योति ने लॉन टेनिश में कांस्य पदक प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय से कुल 18 सदस्यीय दल ने प्रतिभाग किया एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

### महिला कल्याण समाज ने बच्चों व बुजुर्गों को बांटे कंबल व पाठ्य सामग्री



**कोरबा।** सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए महिला कल्याण समाज इंदिरा विहार ने श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन और सहयोग से बच्चों और बुजुर्गों को सहायता सामग्री दी। महिला कल्याण समाज एसईसीएल बिलासपुर द्वारा ग्राम फुलवारी में सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद बच्चों को पाठ्या व खाद्य सामाग्री तथा बुजुर्गों को कंबल शाल बिस्किट्स वितरित किया गया। संस्था की सचिव श्रीमती माधुरी तिवारी ने बताया कि समाज सेवा हमारे संगठन की प्राथमिकता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर किए जाएंगे। इस मौके पर श्रीमती रेहाना खान, श्रीमती कविता घोष, सुप्रभा आचार्य, सरोज वस्त्रकर, कृति गंगाजली, सरिता पार्टले, जागिता रानी, माया राव, राधा सिंह, कीर्ति साहू , सरला शर्मा, एंजेलिना राज, अमित जायसवाल, लिपि दास गुप्ता, वंदना कुमारी, सरिता चौहान, बृहस्पति कश्यप, भारती सिंह, सीमा दिघरस्कर, राखी कोस्टा, प्रभास शुक्ला कविता, प्रीति, रवि, आभा पांडे, रजनी श्रीवास, नागमणि राव, संतोषी मेहता का योगदान रहा।

## चार दिनों में 7 केंद्रों में 396 क्विंटल की खरीदी

# धान खरीदी का चौथा दिन, 58 केंद्रों को अभी भी बोहनी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी को शुरु हुए 4 दिन बीत चुके हैं इतने दिनों में केवल 7 केंद्रों में ही 396 क्विंटल धान खरीदा गया है। 11 किसानों ने धान बेचा है। शेष 58 उपार्जन केंद्रों को अभी भी बोहनी का इंतजार है। समिति कर्मियों के हड़ताल से काम पर ना लौटने के कारण कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी का जिम्मा संभाल लिया है। खरीदी के दौरान सभी 7 केंद्रों में टोकन काटने से लेकर तौल कराने के मामले में विभागीय अधिकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

**खास बात**

- कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने संभाला खरीदी केंद्र का जिम्मा



रामपुर खरीदी केन्द्र।

प्रदेश में 15 नवंबर से धान की खरीदी शुरु हुई है इसके तहत जिले के 65 उपार्जन केंद्रों में केवल 2 खरीदी केंद्रों से पहले दिन ही 40 क्विंटल धान खरीदी की बोहनी हुई थी इसमें कोरबा विकासखंड के ग्राम सोनपुरी लैम्प्स में 10 क्विंटल एवं पाली ब्लॉक के पाली उपार्जन केंद्रों में 30 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। 15 नवंबर से शुरु हुई धान खरीदी में 18 अक्टूबर तक जिले के 7 उपार्जन केंद्रों में खरीदी का खाता खुल चुका है और इन सभी 7 केंद्रों को मिलाकर 3 सौ क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं 58 उपार्जन केंद्रों को अभी भी बोहनी का इंतजार बना हुआ है। इन केंद्रों में विभागीय अधिकारियों ने खरीदी की जिम्मेदारी संभाल तो ली है किंतु धान नहीं आने के कारण खाली बैठे नजर आ रहे हैं। प्रदेश में जबसे धान खरीदी शुरु हुई है उसके इतिहास में पहली बार लैम्प्स के कर्मचारियों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है जिससे निपटने के लिए सरकार ने सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए एस्मा लगा दिया गया है और वहीं दूसरी ओर हड़ताल में शामिल डाटा एंट्री ऑपरेटर लैम्प्स प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी गई है। एक समिति प्रबंधक को बर्खाश्त करने के साथ साथ 3 प्रबंधकों के विरुद्ध एफआईआर करा दी गई है।

### आउटसोर्सिंग से डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती

हड़ताल में गए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की जगह प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से शासन ने सभी लैम्प्स में आउटसोर्सिंग के नाम से डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती शुरु की है इस प्रक्रिया के तहत सभी 65 उपार्जन केंद्रों में डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती होने लगी है। जिन्हें विपणन एवं खाद्य विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटरों के द्वारा खरीदी के दौरान किए जाने वाली एंट्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान भी व्यवहारिक दिक्कतों का सामना डाटा एंट्री ऑपरेटर कर रहे हैं।

### बैंक द्वारा जारी की गई राशि

| सहकारी बैंक शाखा | किसानों की संख्या | भुगतान की राशि |
|---|---|---|
| कोरबा शाखा | 03 | 1,79,096.40 रुपए |
| दीपका शाखा | 05 | 3,81,882.81 रुपए |
| पाली शाखा | 02 | 1,42,140.00 रुपए |
| बरपाली शाखा | 01 | 2,36,900.00 रुपए |
| कुल | 11 | 9,40,019.20 रुपए |

### इन केंद्रों में हुई धान की खरीदी

| खरीदी केंद्र | धान की मात्रा | | |
|---|---|---|---|
| सोनपुरी | 10 क्विंटल | भैसमा | 65 क्विंटल |
| नोनबिर्रा | 75 क्विंटल | पाली | 30 क्विंटल |
| रामपुर | 100 क्विंटल | बक्साही | 30 क्विंटल |
| | | कुल | 396 क्विंटल |

## पीएम आवास में लापरवाही, 9 नोडल अधिकारी एवं सचिव को नोटिस जारी



बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई। जहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा निर्माण के दौरान लापरवाही बरतने के मामले में नोडल अधिकारियों सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक को नोटिस जारी की है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने सोमवार को जिला पंचायत में जनपद पंचायत कोरबा तथा जनपद पंचायत करतला में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत समीक्षा बैठक ली। सीईओ श्री नाग ने जनमन आवास अंतर्गत ग्राम पंचायतवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों को दिसंबर तक हर स्थिति में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2024–25 के अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर प्लिंथ लेवल तक निर्माण एवं जियोटैग कराने तथा टॉप लेवल पर लंबित आवासों को एक माह के भीतर पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम किस्त प्राप्त सभी हितग्राहियों के आवासों को एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ कराने तथा वर्ष 2016–23 एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के सभी अप्रारंभ, अपूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। आवास निर्माण में न्यून प्रगति प्रदर्शित करने वाले 9 ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीईओ द्वारा दिए गए, ताकि समयबद्ध रूप से आवास पूर्णता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जनपद पंचायत कोरबा एवं करतला के सीईओ, ब्लॉक कॉर्डिनेटर, तकनीकी सहायक, पीएम आवास क्लस्टर नोडल अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कर रही काम : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी वेंडिंग जोन के सब्जी एवं फल विक्रेताओं ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को फल व सब्जियों से तौला। व्यवसायियों से उद्योग मंत्री का स्वागत करते हुए वेंडिंग जोन की सौगात दिए जाने पर उनके प्रति आभार जताया। वहीं उद्योग मंत्री ने वेंडिंग जोन का लोकार्पण किए जाने के साथ ही वार्ड क्र. 31 में 3 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यो की सौगात देते हुए कार्यों का भूमिपूजन किया तथा त्वरित रूप से कार्य प्रारंभ कर समय सीमा में कार्यों को पूरा करने एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



लोकार्पण करते हुए उद्योग मंत्री।

### प्रेस काम्पलेक्स में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने टीपी नगर स्थित प्रेस काम्पलेक्स में जिला खनिज न्यास मद से 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे महिला एवं पुरूष शौचालय के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, संरक्षक मनोज शर्मा, किशोर शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन व युगल कैवर्त, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार ई.जयंत, रामेश्वर ठाकुर, राजकुमार साह सहित वरिष्ठ पत्रकारगण उपस्थित थे।

नगर निगम द्वारा कोसाबाड़ी चैक में सड़क के किनारे बरसों से फल सब्जी की दुकान लगाकर व्यवसाय करने वालें लघु व्यवसायियों को उनके व्यवसाय के लिए सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के मद्देनजर 19 लाख 65 हजार रूपये की लागत से वेंडिंग जोन का निर्माण कराया गया है। उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वेंडिंग जोन का लोकार्पण किया तथा लघु व्यवसायियों को सुव्यवस्थित दुकानों की सौगात प्रदान की। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा की जनता ने जो प्यार, स्नेह मुझे दिया है तथा मुझ पर सदैव अपना विश्वास जताया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूॅं तथा जनताजनार्दन की सेवा कर पा रहा हूॅं वह सब कोरबा की जनता के प्यार व स्नेह के कारण ही संभव हुआ है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में राज्य का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसान, मजदूर, गरीब, निर्धन, महिला, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए व्यापक पैमाने पर योजनाएं संचालित कर देश की दशा व दिशा में ऐतिहासिक बदलाव लाया है।

## अवैध धान आवक-विक्रय के पर्यवेक्षण हेतु तहसील स्तरीय जांच दल गठित

**कोरबा।** कलेक्टर द्वारा धान खरीदी केंद्रों में अन्य राज्यों के अवैध धान की आवक व विक्रय के रोकने के लिए एवं कोचिंयों, बिचौलियों से अवैध धान खरीदी पर सतत निगरानी रखने हेतु तहसील स्तरीय जांच दल का गठन किया गया है। जिनमें तहसील कोरबा हेतु जांच दल में तहसीदार बजरंग साहू, नायब तहसीलदार सविता सिदार और सहकारिता निरीक्षक जीआर भतरा शामिल हैं। इसी प्रकार तहसील भैंसमा हेतु जांच दल में तहसीलदार केके लहरे, नायब तहसीलदार मधुसुदन, खाद्य निरीक्षक रवि कुमार राज और सहकारिता विस्तार अधिकारी सुभद्रा सिदार शामिल हैं।

## पीडीएस दुकानों ने नहीं बांटा राशन, 7 एजेंसियां निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की 7 दुकानों को पूर्व संचालित करने वाली आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोनपुरी, कोरकोमा एवं श्यांग द्वारा 1 नवम्बर से आज तक बिना किसी कारण के बंद रखा जाना पाया गया। इससे हितग्राही समय पर खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सके। दुकानें बंद रखने का यह कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 5(24), 11, 12(3), 15, 16 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है, जो दण्डनीय है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई जांच में गंभीर अनियमितताएँ पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही हितग्राहियों को सुचारू रूप से राशन उपलब्ध कराने हेतु नई संचालनकर्ता एजेंसियों को आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। जिन एजेंसियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है उनमें धनगांव आदिवासी सेवा सहकारी समिति, अरसेना आदिवासी सेवा सहकारी, नकिया आदिवासी सेवा सहकारी समिति, चचिया आदिवासी सेवा सहकारी समिति, तौलीपाली आदिवासी सेवा सहकारी समिति, पण्डरीपानी आदिवासी सेवा सहकारी समिति, कुदुरमाल आदिवासी सेवा सहकारी समिति शामिल है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लापरवाही और अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नई एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण बिना किसी बाधा के सुनिश्चित किया जाए।

**खास बात**


- एक पखवाड़े से हितग्राहियों को नहीं मिल रही थी खाद्यान्न सामग्री

**अब तक 170 डाग्स का किया जा चुका है वैक्सीनेशन**

## निगम व पशु चिकित्सा विभाग कर रहा स्ट्रीट डाग का वैक्सीनेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम एवं पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है, अब तक 170 कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, इसके साथ ही पालतू कुत्तों के स्वामियों से अपील की गई है कि वे भी अपने कुत्तों का निःशुल्क वैक्सीनेशन पशु चिकित्सालय में ले जाकर करवा सकते हैं।



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में पशुधन विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार आवारा कुत्तों (स्ट्रीट डाग्स) के वैक्सीनेशन व अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए जाने की दिशा में नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम व पशु चिकित्सा विभाग की टीम के द्वारा आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर यह कार्यवाही की जा रही है तथा अब तक 170 स्ट्रीट डाग्स का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही टीकाकरण व बधियाकरण हेतु एजेंसी से अनुबंध भी किया गया है। डॉ.तिवारी ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्ट्रीट डाग की फीडिंग हेतु 28 स्थान चिन्हाकित किए गए हैं तथा इन फीडिंग स्थलों पर बोर्ड लगाने का कार्य अंतिम चरण में है, वहीं एक वाहन के साथ केचिंग टीम का गठन भी स्ट्रीट डाग्स को पकड़ने व नियंत्रण हेतु किया गया है। इसी प्रकार प्रगतिनगर दर्री में स्ट्रीट डाग शेल्टर हाउस का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। स्ट्रीट डाग को गोद लेकर उनका पालन पोषण करने के इच्छुक पशुप्रेमी उन्हें गोद लेने के लिए आगे आ सकते हैं, जो पशु प्रेमी स्ट्रीट डाग को गोद लेने की इच्छा रखते हैं, वे इस संबंध में अपने आवेदन निगम में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/ रीडर / अ.वि.अ. / 2025
अकलतरा दिनाँक 18/11/2025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. अकलतरा आवेदक सैय्यद साकीब शफीक पिता शफीक अहमद निवासी अकलतरा के द्वारा ग्राम अकलतरा स्थित भूमि खसरा नं 181/1 रकबा 0.6240 हे./ए. भूमि का व्यवसायिक मद में व्यपवर्तन कराये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 02/12/2025 को समय 10:00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अकलतरा**

**कार्यालय अति. तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / Q / तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 18/11/25

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक मनीराम कश्यप पिता भरतलाल जाति कुर्मी ग्राम झूलन थाना पामगढ़/मुलमुला तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने स्वयं मनीराम पिता भरतलाल कश्यप का जन्म दिनांक 07/05/1995 को ग्राम झूलन पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम झूलन में नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत : या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनाक 02/12/25 को दावा अपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 18/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।



## लाइफ Style

# सारा
## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

## हॉलीवुड मसाला



# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

## टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह




### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले को दर्शक पहचान लेते हैं।



## खबर संक्षेप

### अकलतरा में सेक्टर स्तरीय महिला व पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता



**अकलतरा।** शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा में 18 नवंबर को सेक्टर स्तरीय महिला व पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया थ। जिसमें नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय शक्ति से महिला बैडमिंटन का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में सोनल देवांगन, सौम्य चौबे, वीणा साहू, गीतिका पटेल एवं कुसुम चौहान ने खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया गया वही क्रीड़ा अधिकारी कु. कामिनी सिदार एवं सहयोगी विनोद कुमार खूंटे शामिल रहे। प्रथम बार हिस्सा लेने के बावजूद भी कन्या महाविद्यालय अपने सभी प्रतिद्वंदी टीमों को हारते हुए प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर उपविजेता टीम रही, गीतिका पटेल बेस्ट महिला सिंगल प्लेयर रही। कन्या महाविद्यालय के समस्त खिलाड़ी अपनी जीत का श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य विजय देवांगन एवं सभी प्राध्यापकों के सहयोग एवं मार्गदर्शन को देते है।

### युवा रत्न सम्मान योजना के लिए आवेदन 30 तक, रायपुर में होगा कार्यक्रम

**सक्ती।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो, उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना प्रारंभ किया गया है। युवा रत्न सम्मान योजना के तहत पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम राज्य युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह 12 जनवरी 2026 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम रापयुर में किया जायेगा। जिसमें इस जिले के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 30 नवंबर तक कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सदर स्कूल सक्ती, जिला सक्ती में सीधे जमा कर सकते है।

### अंडर 17 राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता में यशपाल दिखाएंगे अपना जौहर



**पामगढ़।** अनडर 17 राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता 2025 का आयोजन उज्जैन में 23 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ टीम में विद्या निकेतन उमा विद्यालय पामगढ़ के कक्षा 9 वीं के होनहार विद्यार्थी यशपाल बरेठ पिता संजय बरेठ का चयन हुआ। जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय संचालक नरेंद्र कुमार पाण्डेय, प्राचार्य अशोक कुमार मिरे, उप प्राचार्य अर्जुन लाल यादव, विभाग प्रमुख आखिल शुक्ला पुष्कर दिनकर कोच, जिला मलखंभ प्रशिक्षण केंद्र पामगढ़ खेल कोच विजय जांगड़े तथा पूरे विद्यालय परिवार द्वारा उनको उनके आने वाले भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की गई ।

### सशिमं राहौद में भव्य बाल मेला का आयोजन, बच्चों का दिखा हुनर

**राहौद।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भव्य बाल मेला का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। मेला में छात्र -छात्राओं व उनके पालक बड़ी संख्या शामिल हुए। इस मेले में विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुनर देखने को मिला। बच्चों ने बड़े होटलों, रेस्टोरेंट जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टाल लगाकर अपनी प्रतिभा लोगों को दिखाया, वहीं दूर दराज से पहुंचे बच्चों के माता-पिता ने उनके हाथों से निर्मित मिष्ठान, नमकीन सहित अन्य व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाया और अपने बच्चों का प्रशंसा किया। विद्यालय परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए आकाश झूला,जंप झूला, मिकी माउस व मनोरंजन के साधन लगाए गये थे। सरस्वती शिशु मंदिर के जिला समन्वयक धर्मेंद्र तिवारी, हनुमंत लला शिक्षण समिति के पदाधिकारी गौरीशंकर अग्रवाल, धीरेन्द्र नाथ योगी, विकास अग्रवाल, सुख सागर देवांगन,प्रभात कश्यप, चोलाराम श्रीवास उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रधान न्यायाधीश ने ली बैठक

# जिले में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों का जल्द करें निराकरणः राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में लंबित विभिन्न प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करे। साथ ही साथ नेशनल लोक अदालत लोगों के लिए सुलभ बने। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने अफसरों की बैठक ली। इस दौरान अपर सत्र न्यायाधीश सहित जांजगीर एवं सक्ती जिले के पुलिस प्रशासन के अफसर मौजूद रहे।



नेशनल लोक अदालत को लेकर अफसरों की बैठक लेते प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजपूत।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार शनिवार 13 दिसंबर को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष 2025 का चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत होगी। इसे लेकर बुधवार 19 नवंबर को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शक्ति सिंह राजपूत ने नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में बैठक ली। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए जिले में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों की पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए खंडपीठो के माध्यम से अधिकाधिक प्रकरणों की निराकृत करते हुए नेशनल लोक अदालत के लोगों को लोगों के लिए सुलभ बनाने पर चर्चा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा जानकारी दिया गया कि न्यायालय में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक का अदालत एक प्रभावशाली कदम है। बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र चौहान, मुख्य न्यायक मजिस्ट्रेट प्रवीण मिश्रा, मुख्य न्यायक मजिस्ट्रेट शक्ति सुश्री शुभदा गोयल, पुलिस अधीक्षक शक्ति प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कश्यप सहित उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों की पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए खंडपीठो के माध्यम से अधिकाधिक प्रकरणों की निराकृत करते हुए नेशनल लोक अदालत के लोगों को लोगों के लिए सुलभ बनाने पर चर्चा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चौथे दिन धान खरीदी केन्द्र में 50 क्विंटल से हुई बोहनी, 72 घंटे के भीतर होगा राशि भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

धान खरीदी केंद्र में अकलतरा में चौथे दिन धान खरीदी की बोहनी हुई जिसमें किसान राकेश नायक से 50 क्विंटल धान की खरीदी की गई। सेवा सहकारी समिति अकलतरा के अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा भाजपा नेता नरेश केडिया के मुख्य आतिथ्य एवं उप पंजीयक मंजू महेंद्र पांडेय, सीओ अमरनाथ राठौर, नोडल अमित साहू एवं समिति नोडल विकास मिश्रा की उपस्थिति में पूजा-अर्चना व धान का तौल कर खरीदी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबंध करते हुए नरेश केडिया ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की स्थिति को बेहतर एवं सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य शासन द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने के साथ 72 घंटे के अंदर किसानों को धान खरीदी का भुगतान किया जाएगा। किसानों को किसी प्रकार की समस्या आने पर किसान धान खरीदी केंद्र प्रभारी और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में संपर्क कर सकते हैं। खरीदी केंद्र प्रभारी सुरेश देवांगन ने बताया कि किसानों से मोटा, महामाया एवं सरना ,एचएमटी व आईआर छत्तीस समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। किसान धान बेचने के पूर्व धान की नमी की जांच करने के साथ टोकन लेने के बाद ही धान बेचने के लिए धान खरीदी केंद्र में आए। इस दौरान उपस्थित अतिथियों के द्वारा किसिन राकेश नायक को पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संतोष राठी, तेज प्रताप साहू ,अनिल शर्मा, कार्तिक राम मार्बल, ताहिर मोहम्मद, भविष्य सिंह चंदेल, दीपक लहरे, दुर्गा राव व किसान उपस्थित थे।



धान बेचने पहुंचे किसान।

### धान खरीदी खोरसी में धान खरीदी का शुभारंभ



**तनौद।** धान खरीदी केंद्र खोरसी में बुधवार 19 नवंबर को विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति श्रीमति प्रमिला अजय साहू, जनपद सदस्य श्रीमती दिलीपकुंवर पटेल सरपंच ग्राम पंचायत खोरसी श्रीमती आरती गोंड सरपंच ग्राम पंचायत पड़रिया राहुल लहरे प्राधिकृत अधिकारी नवीन दुबे प्रबंधक रामजी साहू ऑपरेटर दुष्यंत साहू एवं कृषकगण सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। राज्य शासन द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने के साथ 72 घंटे के अंदर किसानों को धान खरीदी का भुगतान किया जाएगा। पहले दिन धान की खरीदी कृषक श्यामकुमार यादव का शाल श्रीफल भेंट कर धान 50 क्विंटल तौल किया गया।

## छत्तीसगढ़ व्यापम परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनिट पूर्व बंद हो जाएगा मुख्य द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ व्यापम ने आगामी परीक्षाओ के लिए अद्यतन दिशा-निर्देश जारी किये है जारी दिशा-निर्देश के तहत परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो, परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके, परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा।

उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 10.30 बजे बंद कर दिया जावेगा इसलिए समय का विशेष ध्यान रखें, हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आयें। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है, परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है, प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी, परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा।

## सप्त शक्ति सम्मेलन में महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में सप्त शक्ति संगम सम्मेलन का का आयोजन रखा गया था। सम्मेलन के दौरान महिलाओं का शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया।



सशिमं नवागढ़ में सप्त शक्ति संगम सम्मेलन का आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती स्मृति जलतारे समाज सेविका, मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती कीर्ति केसरवानी पूर्व नगर अध्यक्ष नवागढ़, वक्ता श्रीमती कुंती साहू शिक्षिका, संयोजिका श्रीमती सीता देवांगन के कर कमलों से भारत माता, प्रणवाक्षर, सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया विद्यालय के बहनों द्वारा संगीतमय वंदना व प्रार्थना हुई। तत्पश्चात विद्यालय की दीदी श्रीमती सीता देवांगन ने उपस्थित अतिथियों का परिचय एवं श्रीफल, साल, पुष्पगुच्छ, तिलक, बैच लगाकर स्वागत सम्मान कराई गई और संगीत वाद्य यंत्र के माध्यम से स्वागत गीत बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की प्रस्तावना आचार्या सुश्री शारदा महंत ने बड़ी सटीकता के साथ प्रस्तुत की। कुटुंब प्रबोधन पर आचार्या श्रीमती गनेशी यादव ने घर- परिवार और समाज में किस प्रकार से समन्वय बना कर रहे जिससे हमारा परिवार लंबे समय तक संयुक्त रूप से चल सके इस पर अपना विचार व्यक्त किया। उसके पश्चात उपस्थित अभिभाविका व माताओं के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जिसमें सभी माताएं बढ़-चढ़कर भाग लिए और उत्तर बताने वालो को तुरंत पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

### नशा मुक्त अभियान के तहत सेमरिया में शपथ ग्रहण

**बिर्रा।** बम्हनीडीह विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल सेमरिया के विद्यार्थी, शिक्षक और स्व–सहायता समूह की महिलाओं ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली। सभी ने समाज से नशे को दूर करने और लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे सहित एकादशियां मांझी,पितांबर प्रसाद कश्यप,कैलाश खूंटे, टीकाराम गोपालन, कौशल यादव, अनुपमा जांगड़े, अशोक जांगड़े, रामकुमारी और शांति बाई उपस्थित थे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों और महिला समूहों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया और सभी से स्वच्छ, स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सही दिशा देना। परिवारों और समाज को जागरूक करना। नशे के खिलाफ सामूहिक शक्ति तैयार करना आदि वहां पर उपस्थित लोगों और बच्चों को बताया एवं शपथ भी दिलाया गया है।

## चेज भाजी और अमारी भाजी रेशे से निर्मित कपडा देखकर हुए प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल बलौदा के छात्रों और शिक्षकों ने बहेराडीह गाँव में स्थित देश का पहला किसान स्कूल बहेराडीह का भ्रमण किया। जहाँ पर पहली बार चेच भाजी और अमारी भाजी के रेशे से बनाई गई रंग बिरंगी राखियाँ और कपड़े को देख खूब प्रभावित हुये।



जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल बलौदा के शिक्षका श्रीमती रूबी दास, श्रीमती आरती विश्वकर्मा और शरद राजपूत ने बताया कि जिले के जैविक क़ृषि ग्राम बहेराडीह में स्थित कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल का अपने स्कूली छात्र छात्राओं के साथ भ्रमण किया। जहां पर किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसन्धान केंद्र, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन, पार्वती देवांगन, पशु सखी पुष्पा यादव व उनके टीम द्वारा बनाई गईं चेच भाजी व अमारी भाजी के रेशे से रंग बिरंगी राखियाँ और कपड़ा कों देखकर खूब प्रभावित हुये। वहीं किसान स्कूल परिसर में प्राकृतिक खेती तकनीक का बारीकी से अवलोकन किया। स्कूल के छात्र वीर प्रताप सोनी ईशान श्रीवास, शिवम सिंह और हरि गुप्ता ने बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की 36 भाजी एक साथ कभी नहीं देखा था। मगर यहां पर 56 प्रकार की भाजियों का संरक्षण और संवर्धन पहली बार देखा। छात्र हेमंत भार्गव, कुश अग्रवाल, प्रशांत गोयल और गौरी अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के किसानों के सहयोग से विलुप्त चीजों का बड़े पैमाने पर संरक्षित सामग्री की संग्रहालय जो कि अपने आप में सराहनीय है। जिसे धरोहर का स्वरूप दिया गया है। छात्र सिमरन अग्रवाल माहि सोनी, सोना बैनर्जी तनीषा साहू और आशिता खान ने बताया कि यहाँ पर क़ृषि क्षेत्र में कई प्रकार की नवाचार का काम हों रहीं है।

## छग में सबसे अधिक होता है रामचरित मानस का प्रचार प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

दहेज देने की प्रथा हमारे देश में सदियों से है लेकिन मांगने की नहींश्रीधाम अवधपुरी, उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंत स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य ने श्री शिवरीनारायण मठ में श्री सीताराम विवाह महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराते हुए कहा।



राजेश्री महंत का शाल पहनाकर सम्मान करते नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत

उन्होंने सामाजिक चिंतन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारे देश में दहेज देने की प्रथा सदियों पुरानी है। राजा हिमाचल और महारानी मैना ने शिवजी को दहेज दिया, राजा जनक और सुनैना ने माता सीता और रामचंद्र को दहेज दिया। दहेज देने की प्रथा तो है लेकिन मांगने की नहीं! जो दहेज मांगता है उसे ना तो दहेज दीजिए और ना ही अपनी बेटी उन्होंने कहा कि जिस कुल में एक वैष्णव संत उत्पन्न हो जाता है उनके कई पीढियां का उद्धार हो जाता है। स्नान से शरीर पवित्र हो जाता है और भगवान पुण्डरीकाक्ष के स्मरण से अंतःकरण शुद्ध हो जाता है। शलोग काफी दूर-दूर से कथा श्रवण एवं भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दर्शन व चित्रोंत्पला गंगा की त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए पहुंचना प्रारंभ हो गए हैं। मंच पर हमेशा की तरह मुख्य यजमान राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज विराजित थे। शिवरीनारायण मठ महोत्सव के तृतीय दिवस संध्याकालीन बेला में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत सम्मिलित हुए उन्होंने महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त का शाल श्रीफल से सम्मान किया। श्री महंत के साथ पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश एवं सूरज महंत भी कथा श्रवण करने पहुंचे।

## मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाकर शुष्क दिवस करने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल एवं बाबा गुरुघासीदास की जयंती 18 दिसंबर को सम्पूर्ण भारतवर्ष में शराब बिक्री एवं मांस कि बिक्री पर पूर्णता प्रतिबंध लगाकर संपूर्णता शुष्क दिवस किये जाने हेतु माँग पत्र सौंपा गया।




मांग पत्र सौंपते समाज के लोग।

ज्ञात हो कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं बाबा गुरुघासीदास की जयंती 18 दिसंबर को सम्पूर्ण भारतवर्ष में शराब बिक्री एवं मांस की बिक्री पर पूर्णता प्रतिबंध लगाकर संपूर्णता शुष्क दिवस किये जाने हेतु मांग पत्र सौंपा गया। चुकि वर्तमान समय में खुलेआम 14 अप्रैल को शराब एवं मांस कि बिक्री किया जाता है जिससे आम लोगों में रोष ब्याप्त रहता है अगर 14 अप्रैल को सम्पूर्ण भारतवर्ष में शराब बंदी एवं मांस बिक्री पर प्रबंधित कर शुष्क दिवस घोषित किया जाता है तो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी प्रकार महान संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी की जयंती 18 दिसम्बर गुरु पर्व के दिन होता हैं। इस दिन छत्तीसगढ़ में संत शिरोमणि गुरु घासीदास कि जयंती व्यापक रूप से मनाया जाता है तथा भव्य शोभा यात्रा निकालकर बाबा गुरु घासीदास को याद किया जाता है। बाबा की संपूर्ण समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है एवं रेवटी लगाकर सामाजिक जागरूकता के साथ उनका मनखे मनखे एक समान का संदेश को आम जनमानस आत्मसात करते हैं तथा उनके दिखाये मार्ग पर चलने का प्रेरणा लेते हैं। इस कारण 18 दिसंबर को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग किया गया है। इस अवसर पर विनेश कुमार मनहर प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान मनोज खरे, सतीश सूर्या, शिव पात्रे अध्यक्ष बिलासपुर संभाग केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान सत्य प्रकाश दिवाकर प्रदेश महासचिव केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान, सुखदेव श्रीवास, गिरधारी लाल यादव, ललिता पाटले, शिवराज जिला अध्यक्ष भीम रेजीमेंट, सुमित रत्नाकर, भोजराम ओंकार, क्रांति दिव्या, परमेश्वर शांडिल्य, राधिका जांगड़े, सीता रजक, सुष्मिता खन्ना, रेवाराम खूंटे सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अखंड नवधा रामायण में 167 मंडलियों ने लिया हिस्सा

**देवरी–सारागांव।** ग्राम पंचायत अमरुवा में आयोजित अखंड नवधा रामायण में 167 मानस मंडलियों ने भाग लिया। इनमें से नवधा रामायण प्रतियोगिता हेतु 15 मानस मंडलियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मानस मंडली को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कारः डीलेस–हुलेश्वर मानस मंडली, सोनगुड़हा को 10001 एवं मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कारः नव बालिका मानस मंडली, परसदा 7001 एवं मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं तृतीय पुरस्कारः महादेव साहू मानस मंडली, सरहरगढ़ 5001 एवं मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, चतुर्थ पुरस्कारः कमल पटेल मानस मंडली, सोनगुड़हा 4001 एवं मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र पंचम पुरस्कारः शुभम मानस मंडली, चांपा 3001 एवं मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र दिया गया।

किराये पर देना है
जिला सक्ती शहर वार्ड नं. 14 मेन रोड पर प्रथम तल में 20x30, 30x40, 30x50 एवं 30x100 फीट एरिया किराया देने हेतु उपलब्ध है। किसी भी कम्पनी को जरूरत हो तो सम्पर्क करें
9981461696
9300957673
पर पूर्ण जानकारी प्राप्त करें

